राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

पत्रांक: CCE/ ISDC/ AAP-CAP/2019/ **1496;** Date: 13th November 2019

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय
एवं
सभी सहायक निदेशक,
क्षेत्रीय कार्यालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान।

विषय :- **AAP/ CAP प्रोग्राम के लिये जिला एवं महाविद्यालय स्तर पर प्रशिक्षण कार्य हेतु कॉलेज वार्षिक मूल्यांकन/अंकेक्षण का फॉर्मेट भरकर तैयार रखने एवं इसकी सूचना आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा को भेजने के संबंध में।**

संदर्भ :- आयुक्तालय का पत्रांक CCE/ISDC/CAP-AAP/2019/1252; Dated 13.09.2019.

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि राज्य सरकार द्वारा निर्देशित एनुअल ऑडिटिंग प्रोग्राम/कॉलेज असेस्मेंट प्रोग्राम को राज्य में लागू करने के संबंध में नोडल/को-नोडल महाविद्यालयों की प्रशिक्षण बैठक आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 12.09.2019 को आयोजित की गयी थी। इस बैठक में निर्देशित वार्षिक मूल्यांकन प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत चर्चा के उपरांत सभी उपस्थित महाविद्यालयों के प्राचार्यो को इस कार्यक्रम की क्रियान्विति के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश भी दिये गये थे।

सभी नोडल महाविद्यालयों द्वारा जिले के बाकी सभी महाविद्यालयों को तथा अपने स्टॉफ को भी यह प्रशिक्षण देने हेतु निर्देशित किया गया था। किन्तु प्राप्त सूचनाओं के अनुसार अभी भी कुछ महाविद्यालयों में ये प्रशिक्षण नहीं दिया गया है। इसे अतिआवश्यक मानते हुये सभी राजकीय महाविद्यालय अपने यहां एनुअल ऑडिटिंग प्रोग्राम/कॉलेज असेस्मेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अविलंब पूर्ण कराएं। साथ ही दिनांक 20 नवम्बर 2019 तक Assesment matrix (evaluation format) को भरकर इसकी सूचना आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, जयपुर को ईमेल आईडी **aap.cceraj@gmail.com** पर भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। **यह ईमेल आईडी नयी है कृपया इसी पर AAP कार्यक्रम से संबंधित सभी संवाद एवं सूचना प्रेषण करें।**

दिनांक 20 नवम्बर 2019 उपरांत महाविद्यालयों की सूचनाओं का प्रमाणीकरण निरीक्षण प्रारंभ किया जाना है। इस संबंध में किसी प्रकार की जानकारी/सहायता हेतु आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा में इस परियोजना के प्रभारी अधिकारी, डॉ. विनोद भारद्वाज से उनके मोबाईल नंबर 9414304650 पर संपर्क करें।

प्रदीप कुमार बोरड़ IAS
आयुक्त कॉलेज शिक्षा एवं
विशिष्ट शासन सचिव, उच्च शिक्षा, राजस्थान

पत्रांक: CCE/ ISDC/ AAP-CAP / 2019/ **1497;** Date: 13th November 2019
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित है -

1. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. वित्तीय सलाहकार, आकाशि।
5. समस्त संयुक्त निदेशक, आकाशि, जयपुर।
6. सभी प्रभारी अधिकारी, महाविद्यालय समूह, आकाशि, जयपुर।
7. वैब प्रभारी, आकाशि को वेबसाईट पर अपलोड़/संबंधितों को ई-मेल करने हेतु।
8. रक्षित पत्रावली

13/11/19
डॉ. विनोद कुमार भारद्वाज
प्रभारी अधिकारी
नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ